हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 27 दिसंबर 2025

06 शासकीय सांदीपनि उमावि मनुबेन मंडी सीहोर...



07 बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में...





## खबर संक्षेप

### 25 लाख 93 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई धान खरीदी

**सीहोर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 4 लाख 9 हजार 545 किसानों से 25 लाख 93 हजार 971 मीट्रिक टन धान की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल है। धान की खरीदी 20 जनवरी 2026 तक की जायेगी। किसानों को 3529 करोड़ रूपये से अधिक राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि धान विक्रय के लिये 8 लाख 59 हजार 916 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### प्रियांशी जोशी ने जीता द्वितीय पुरुस्कार



**सीहोर।** राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 के अवसर पर मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (एलएनसीटी), भोपाल में प्रतिस्पर्धा आयोजित आयोजित हुई। जिसमें सीहोर नगर एसआर बिहार निवासी संजय कुमार जोशी की सुपुत्री प्रियांशी जोशी ने एआई और मशीन लर्निंग पर आधारित सर्वश्रेष्ठ परियोजना में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त शहर व परिजनों को गौरवान्वित किया है।

## हरियाली पर चली कुल्हाड़ी: कमानी वाले श्मशान घाट परिसर में लहलहा रहे करीब सौ पेड़ों को किया जमींदोज

# मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत 1 करोड़ की लागत से किया जा रहा है श्मशान का सौंदर्यीकरण

### समिति ने 6 वर्ष तक टेंकरो से पानी डालकर पौधों को बड़े किए, ठेकेदार ने रातोंरात जेसीबी से उखाड़ दिए



**सीहोर।** श्मशान घाट परिसर में लहलरा रहे हरे भरे पेड़ों को जेसीबी मशीन से नष्ट कर इस तरह कटवा कर टुकड़े कर दिए



**इछावर।** श्मशान घाट परिसर में समिति अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा द्वारा इस तरह गर्मी में पौधे में पानी देकर अपने बच्चों की तरह देखरेख कर बड़े, बड़े पेड़ बनाएं थे लेकिन देकेदार द्वारा जेसीबी मशीन से नष्ट कर दिया।



**इछावर।** कमानी श्मशान घाट परिसर में लहलरा रहे हरे भरे पेड़ों पर इस तरह जेसीबी मशीन से नष्ट किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

श्मसान घाट को हरा-भरा बनाने के लिए समिति ने 6 वर्ष पहले परिसर 150 से अधिक पौधे रोपे थे। समिति सदस्यों द्वारा इन पौधों की उचित देखभाल करने के साथ ही इन्हें जिंदा रखने के लिए इनमें टेंकरो से पानी डाला गया था। मेहनत रंग लाई और यह पौधें 8-10 फीट लंबे हो गये , जबकि कुछ पेड़ बन चुकें थे । लेकिन पिछले दिनों ठेकेदार ने रातोंरात जेसीबी से इन पेड़, पौधों को उखाड़ कर जमींदोज कर दिए। हरे-भरे पेड़ों को नष्ट करने से समिति के लोगों में गहरा आक्रोश है, उन्होंने प्रशासन से ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नगर के कमानी वाले शमसान घाट का मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत करीब एक करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। बाउंड्री वॉल निर्माण , ब्लांक पेवर, पानी की टंकी निर्माण आदि कार्य प्रस्तावित है। इसके लिए ठेकेदार ने शमशान परिसर में लहलहा रहे कदम , सीसम , सागोन , महुआ , बरगद , सप्तपर्णी आदि प्रजाति के सौ से अधिक पेड़ , पौधों को जेसीबी से उखाड़ दिए। हरे-भरे पेड़, पौधों को बर्बाद करने से शमशान विकास समिति के लोगों में आक्रोश है। उन्होंने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग प्रशासन से की है। समिति के सदस्यों ने बताया कि शमशान को हरा-भरा बनाने के लिए वह परिसर में पिछले 6 वर्षों से लगातार पौधरोपण कर रहे है। इन पौधों की उचित देखभाल और सुरक्षा के इंतजाम के साथ ही गर्मी के मौसम में टैंकरों से पानी खरीदकर इनमें डाला गया। नतीजा अधिकांश पौधे 8-10 फीट लंबे हो गये जबकि कई पेड़ बनकर लहलहा रहे थे। लेकिन पिछले दिन ठेकेदार ने बिना अनुमति के रातोंरात जेसीबी मशीन चलाकर इन्हें जमींदोज कर दिए हैं। सौ से अधिक हरे-भरे पेड़ पौधों को उखाड़कर फेंक दिया गया है। समिति ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



**इछावर।** कमानी श्मशान घाट परिसर में लहलरा रहे हरे भरे बड़े पेड़ों पर भी इस तरह जेसीबी मशीन से नष्ट कर दिया गया है।

### सौंदर्यीकरण के काम की गुणवत्ता भी सवालों के घेरे में

शमशान विकास समिति अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि शमशान को हरा-भरा और आकर्षक बनाने के लिए वर्षा से मेहनत की जा रही थी। यही कारण है कि परिसर में डेढ़ सौ के लगभग पेड़ बन चुकें थे, लेकिन ठेकेदार ने बिना अनुमति के रातोंरात इनको उखाड़ दिए। जबकि ठेकेदार द्वारा जो सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, उसमें पार्दर्शिता और गुणवत्ता का अभाव है। निर्माण कार्य बेहद घटिया और निम्न स्तर का है।

### जांच की जाएगी

उक्त मामला संज्ञान में आया है। ठेकेदार को पेड़ धराशाई करने की कोई अनुमति नही दी गई है इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**धर्मराज यादव,** सीएमओ नप इछावर

# भोपाल से कार में आते थे चोर, कबाड़ी समेत 4 लोग गिरफ्तार, 1.50 लाख कैश भी मिला

### सोलर प्लांट से 3000 मीटर केबल चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पुलिस ने ट्राइडेंट कंपनी के सोलर प्लांट में हुई लाखों की केबल चोरी का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने भोपाल के एक शातिर गिरोह को पकड़ा है, जो लग्जरी कार से चोरी करने आता था। मामले में मुख्य आरोपी, उसके साथी और चोरी का माल खरीदने वाले दो कबाड़ियों समेत कुल 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चोरी का माल, 1.50 लाख रुपए कैश और घटना में इस्तेमाल कार भी जब्त की गई है।

**19-20 दिसंबर की रात काटा था माल :** ट्राइडेंट कंपनी के अधिकारी नितिन मल्होत्रा ने 20 दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 19-20 दिसंबर की दरमियानी रात प्लांट से करीब 3000 मीटर महंगी केबल काट ली गई है। एसपी दीपक शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बुदनी एसडीओपी और टीआई की टीमें बनाईं।

#### भोपाल की कार ने खोला राज

टेक्निकल सबूतों और मुखबिरों की मदद से पुलिस एक संदिग्ध कार (MP04 XM 2222) तक पहुंची। यह कार भोपाल के ईंटखेड़ी निवासी साजिद खान की निकली। पुलिस ने साजिद को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना कबूल लिया। पुलिस ने उसके साथी इसरार उर्फ भूरा को भी दबोच लिया।

**कबाड़ी से तार और कैश बरामद:** चोरों ने यह केबल भोपाल के कबाड़ी अबरार को बेची थी। अबरार ने इसे आगे दूसरे व्यापारी तनवीर को बेच दिया। पुलिस ने अबरार के पास से केबल बेचने से मिले 1.50 लाख रुपए नकद और तनवीर के पास से तांबे के तार व छिलके बरामद किए हैं। मुख्य आरोपी साजिद खान शातिर अपराधी है और उस पर पहले से तार चोरी के करीब 10 मामले दर्ज हैं।

पूछताछ में गिरोह ने सीहोर के इछावर और विदिशा के लटेरी में भी सोलर प्लांट में चोरी करना कबूल किया है।

### राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

**सीहोर।** 42 वी पुरुष एवं 8 वी महिला यूथ/सिनियर राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता 2025, जो कि मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सीहोर जिले के बाक्सरों ने अपने-अपने वजन वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर दो सिल्वर एक ब्रांज मेडल प्राप्त किये। सीहोर बॉक्सिंग टीम कोच आनंद पंसोरिया एवं आवासीय खेल-कूद परिसर के बॉक्सिंग कोच अंकित गुप्ता ने बताया कि खिलाडियों के शानदार प्रदर्शन करने पर सीहोर जिले के सभी खेल संघों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने बधाई दी है। जिनमें प्रमुख रूप से कलेक्टर के.बाला गुरु, विधायक सुदेश राय, खेल अधिकारी रूबिका दीवान, वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, राजेन्द्र सेन, बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अन्नु चौहान, सन्नी महाजन, राजीव गुजराती, आलोक शर्मा, अताउल्ला खान, मनोज दिक्षित मामा, मनोज कन्नोजिया, सुदीप प्रजापति, प्रभात मेवाड़ा, विवेक राठौर शामिल हैं।

# होमवर्क न करने पर उतारे कपड़े, प्राचार्य सहित तीन पर कार्रवाई, एक लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम जताखेड़ा स्थित एक प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों ने अमानवीयता की हदों को पार करते हुए शिक्षक पद को कलंकित कर दिया। होमवर्क नहीं करने वाले छात्रों को हाड़कंपा देने वाली ठंड में अर्धनग्र होने के लिए मजबूर किया। इसकी जानकारी अभिभावकों को मिली तो उन्होंने शुक्रवार को बजरंग दल व अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ जाकर स्कूल में जमकर हंगामा किया। आनन- फानन में जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्राचार्य और चालक को हटाने के आदेश जारी करते हुए संस्था पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

शुक्रवार का दिन स्कूल प्रबंधन के लिए भारी उथल-पुथल लेकर आया। जैसे ही अभिभावकों ने अपने जिगर के टुकड़ों की वह वायरल तस्वीरें देखीं, उनका धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित अभिभावक और बजरंग दल के कार्यकर्ता जब स्कूल पहुंचे, तो वहां का माहौल तनावपूर्ण हो गया। अपने बच्चों की दुर्दशा देखकर परिजनों का गुस्सा सातवें आसमान पर था। उन्होंने स्कूल में जमकर हंगामा किया, जो एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना मंडी से भारी पुलिस बल, तहसीलदार और



अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। प्रशासन की मौजूदगी में अभिभावकों की आंखों में गुस्सा और नमी एक साथ तैर रही थी।

बजरंग दल नेता जगदीश कुशवाह और अभिभावकों के सामने जब कक्षा सातवीं के बच्चों ने अपनी जुबान खोली, तो रोंगटे खड़े कर देने वाली हकीकत सामने आई। बच्चों ने सिसकते हुए बताया कि यह प्रताड़ना केवल एक दिन की नहीं थी। नवंबर माह से ही उन्हें कपड़े उतारने की सजा दी जा रही थी। जुल्म यहीं नहीं रुका, बच्चों ने बताया कि ड्राइवर द्वारा उनसे ग्राउंड में पत्थर बिनवाए जाते थे और गार्ड द्वारा तेल लगवाया जाता था। प्रोजेक्ट में नंबर न देने की धमकी और मारपीट के डर से ये नन्हे बच्चे अब तक खामोश थे। उनकी खामोशी के पीछे छिपा वह डर, जिसे स्कूल प्रबंधन ने पैदा किया था, अब सबके सामने आ चुका था।

इस पूरे घटनाक्रम में एक और पहलू सामने आया जिसने लोगों की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचाया। बच्चों ने बताया कि स्कूल में उन्हें तिलक लगाने और कलाई पर कलावा बांधने से भी रोका जाता था। अपनी ही संस्कृति और धर्म के प्रति इस तरह के भेदभाव को जानकर वहां मौजूद लोगों का आक्रोश और भड़क गया। इसके विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और अभिभावकों ने स्कूल के गेट के सामने बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

### गुनाहगारों पर गिरी गाज मिला न्याय

मासूमों की चीखें और अभिभावकों का संघर्ष आखिरकार रंग लाया। जिला शिक्षा अधिकारी एसएस तोमर ने मामले की तत्काल जांच की, जिसमें बच्चों द्वारा लगाए गए सभी आरोप सत्य पाए गए। प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए सेंट मार्टिन स्कूल पर एक लाख रुपए का भारी जुर्माना लगाया, जिसे सात दिनों के भीतर भरने का आदेश दिया गया। इसके अलावा, अमानवीय कृत्य की मुख्य आरोपी प्राचार्य समरीन खान, शिक्षक अमरसिंह वर्मा और ड्राइवर सिबु जाफरी को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने के आदेश जारी किए गए।

## कलेक्टर ने वन ग्रामों का निरीक्षण कर देखी संपरिवर्तन की कार्यवाही

# वन ग्रामों का संपरिवर्तन शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर तहसील के ग्राम ईटखेड़ा एवं नींबूखेड़ा में वन ग्रामों के संपरिवर्तन की चल रही कार्यवाही तथा ग्राम गाजीखेड़ी में वन खण्डों के व्यवस्थापन संबंधी कार्यवाही का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि वन ग्रामों का संपरिवर्तन शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है, जिससे वन क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को राजस्व ग्रामों के समान मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपरिवर्तन की प्रक्रिया में पारदर्शिता रखते हुए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समय-सीमा में पूर्ण की जाएं।



कलेक्टर बालागुरू ने वन खण्डों के वैज्ञानिक एवं सुनियोजित व्यवस्थापन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वन संसाधनों का संरक्षण करते हुए आजीविका के अवसर भी विकसित किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन एवं राजस्व विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि सीमा निर्धारण, अभिलेखों के आदान-प्रदान एवं तकनीकी प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने लंबित सामुदायिक वनाधिकार दावों के शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि वनवासियों को उनके अधिकार मिलना चाहिए। इसके लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार कर प्रत्येक चरण के लिए एक स्पष्ट समय-सीमा तय की जाए और प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। कलेक्टर ने वन विभाग को निर्देश दिए कि वनाधिकार एवं सीमा निर्धारण से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेख राजस्व विभाग को शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं, जिससे प्रक्रियाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड स्तर पर सतत निगरानी रखने तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान इछावर एसडीएम स्वाती मिश्रा सहित वन एवं राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संकल्प वृद्धा आश्रम में भोजन प्रसादी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के सहकारिता क्षेत्र में सक्रिय, सरल, सहज और मिलनसार स्व.गोपाल कृष्ण शर्मा की पुण्य स्मृति में शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धा आश्रम में भोजन प्रसादी का वितरण किया। इस मौके पर उनके परिजन खजांची लाइन स्थित कृष्णा डेरी की ओर से मौजूद राजेश शर्मा ने वृद्धजनों को भोजन-प्रसादी का वितरण किया। इस मौके पर पेंशनर्स एसोसिएशन के अनिल शर्मा, प्रदीप साबू, पिपेलेश्वर मंदिर समिति के मनोज जैन सहित अन्य ने श्री शर्मा को श्रद्धांजली अर्पित की।

इस मौके पर उनके परिजन राजेश शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में स्व. गोपाल कृष्ण शर्मा की स्मृति में अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को यहां पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस मौके पर संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने कहाकि आज वीर बाल दिवस, जो हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है, भारत में एक राष्ट्रीय स्मरण दिवस है जो दसवें सिख गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे बेटों की असाधारण वीरता और शहादत को याद करता है। यह उत्सव विशेष रूप से साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह पर केंद्रित है; उन्होंने मुगल साम्राज्य के शासनकाल के दौरान हर मुश्किल का सामना करते हुए असाधारण वीरता दिखाई वीर बल दिवस का उत्सव 26 दिसंबर 1705 से शुरू होता है, जब वज़ीर खान के नेतृत्व वाली मुगल सेना ने दो युवा साहिबजादों को हिरासत में ले लिया था। क्रमशः केवल नौ और छह वर्ष की आयु के होने के कारण, उन पर अपने विश्वासों को त्यागने और इस्लाम में परिवर्तित होने के लिए अत्यधिक दबाव डाला गया, हालांकि, दोनों बच्चों ने अपने धर्म से पीछे हटने से इनकार कर दिया। उनके अडिग रुख के परिणामस्वरूप उनकी क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी गई। उन्हें उनके अवज्ञा के दंड के रूप में जिंदा ईंटों में चुनवा दिया गया। शहादत का यह शक्तिशाली कार्य हमें आस्था और न्याय के नाम पर व्यक्तियों द्वारा किए गए बलिदानों की याद दिलाता है।

## खबर संक्षेप



### जिला क्रीड़ा अधिकारी बृजेश शर्मा का विदाई समारोह आयोजित

**सीहोर।** खेल शिक्षकों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सेवानिवृत्त जिला क्रीड़ा अधिकारी बृजेश शर्मा का विदाई समारोह आवासीय खेलकूद संस्थान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य आलोक शर्मा एवं वर्तमान जिला क्रीड़ा अधिकारी अताउल्ला खान उपस्थित रहे। जिले में खेल प्रतियोगिताओं के राज्य एवं संभाग स्तरीय आयोजन के सफल क्रियानव्यन में बृजेश शर्मा का सराहनीय योगदान रहा। छात्र-छात्राओं को जिले से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं हेतु चयन के लिये प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। उक्त उद्गार अतिथियों द्वारा समारोह में दिये गये। बृजेश शर्मा को शॉल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। बृजेश शर्मा ने खेल से जुड़े रहने एवं आवाश्यकता पडऩे पर उपस्थित होने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन माधव यादव ने तथा आभार अताउल्ला खान द्वारा व्यक्त किया गया।

### बंदूक की नोक पर ट्रैक्टर छुड़ाया, वन अमले को कुचलने की कोशिश

# लाड़कुई जंगल में माफिया का आतंक, हथियारों से लैस होकर कानून को दी खुली चुनौती

### अवैध सागौन कटाई पर कार्रवाई के दौरान जानलेवा हमला, पिता व सहयोगी गिरफ्तार, बेटा फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



लाड़कुई वन परिक्षेत्र में वन माफिया की गुंडागर्दी ने बुधवार रात खौफनाक रूप ले लिया। अवैध सागौन कटाई के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे वन अमले पर माफिया ने पिस्टल तान दी, ट्रैक्टर–ट्रॉली छुड़ा ली और जान से मारने की नीयत से अमले को कुचलने का प्रयास किया। हालात इतने गंभीर थे कि कुछ पल के लिए जंगल रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। बावजूद इसके, वनकर्मियों ने साहस और सूझबूझ दिखाते हुए घेराबंदी कर दो आरोपियों को धर दबोचा, जबकि मुख्य आरोपी का बेटा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। यह पूरी वारदात तहसील के लाड़कुई वन परिक्षेत्र अंतर्गत रफीकगंज बीट के गादल्या–सुआपानी वन क्षेत्र की है, जहां लंबे समय से अवैध सागौन कटाई की शिकायतें मिल रही थीं। मुखबिर की सूचना पर जंगल में पहुंचा अमला। बुधवार शाम वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि सुआपानी जंगल में सागौन की अवैध कटाई कर ट्रैक्टर–ट्रॉली के जरिए लकड़ी निकाली जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर रफीकगंज बीट से टीम गठित की गई। रात करीब 10:30 बजे जब अमला जंगल में पहुंचा, तो एक ट्रैक्टर–ट्रॉली संदिग्ध हालत में खड़ी दिखाई दी, जिसमें सागौन की सिलियां लदी हुई थीं। वन अमले को देखते ही आरोपी ट्रैक्टर लेकर भागने लगे। जब कर्मचारियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने जानबूझकर ट्रैक्टर वनकर्मियों की ओर मोड़ दिया।

#### ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश, पिस्टल दिखाकर धमकाया

भागते हुए आरोपियों ने एक दोपहिया वाहन पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। गनीमत रही कि वनकर्मी बाल–बाल बच गया, लेकिन उसकी मोटरसाइकिल का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसी दौरान एक आरोपी ने पिस्टल निकालकर वनकर्मियों पर तान दी और जान से मारने की धमकी देते हुए ट्रैक्टर–ट्रॉली छुड़ाकर भागने की कोशिश की। घटना के दौरान माफिया पूरी तरह हथियारों से लैस था और किसी भी हद तक जाने को तैयार दिखाई दिया।

**साहस दिखाया, दो आरोपी दबोचे गए :** जान का खतरा होने के बावजूद वन अमले ने पीछे हटने के बजाय पीछा जारी रखा। आगे से घेराबंदी की गई और आखिरकार राजवीर सिंह जाट पिता शिवराम निवासी निमोटा तथा उसके सहयोगी श्रीनिवास दुर्वे पिता रामकरण निवासी निमोटा,को पकड़ लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि तीसरा आरोपी अभिजीत जाट, जो राजवीर का बेटा है, वारदात में शामिल था और मौके से फरार हो गया। रफीकगंज बीट अधिकारी नरेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि अवैध सागौन कटाई की सूचना पूरी तरह पुख्ता थी। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर टीम बनाई गई थी। लाड़कुई वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद ऊइके ने बताया कि माफिया हथियारों के साथ जंगल में सक्रिय था। ट्रैक्टर–ट्रॉली और सागौन की लकड़ी जब्त कर आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द किया गया।

#### पुलिस ने दर्ज किया गंभीर अपराध

भैरूंदा थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के अनुसार वन विभाग की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आयुध अधिनियम की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के पास से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार आरोपी की तलाश जारी है।

#### जब्ती व नुकसान का विवरण



कार्रवाई में ट्रैक्टर–ट्रॉली सहित सागौन की 15 सिलियां जब्त की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है। अन्य एक दो पहिया वाहन जप्त किया गया। घटना में एक वनकर्मी की मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हुई है।

## चन्द्रवंशी खाती समाज की सामाजिक बैठक व सम्मान समारोह संपन्न





**रेहटी।** अखिल भारतीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज की ओर से प्राचीन मंदिर परिसर, आँवलीघाट में सम्मान समारोह एवं सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया एवं युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।बैठक में समाज के नव नियुक्त पदाधिकारीगण, वरिष्ठजन, युवा साथी तथा सभी समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक विषयों, समाज की एकता, प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार तथा आगामी गतिविधियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर युवा संगठन के लिए नए जिला अध्यक्ष शुभम्‍ ठाकुर की नियुक्ति की गई। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शुभम्‍ ठाकुर ने समाज के प्रति निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

**सम्मान समारोह आयोजित :** सम्मान समारोह के दौरान केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों एवं समाज के प्रमुख कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।सम्मानित होने वालों में अनार सिंह चौहान (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), मलखान सिंह चंद्रवंशी (राष्ट्रीय महामंत्री), संतोष वर्मा (राष्ट्रीय मंत्री), विकाश ठाकुर (मंत्री), संदीप पटेल (जिला अध्यक्ष), जुगल पटेल (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, युवा संगठन), नन्नूलाल कसानिया (राष्ट्रीय सचिव)सहित रमेश पटेल, महेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र चौहान, राधेश्याम ठाकुर, बनवीर चंद्रवंशी, चंद्रपाल पटेल, राजेंद्र पटेल, गजराज सिंह चौहान, रामगोपाल टेलर, मंगल सिंह ठाकुर, पंकज मुकाती, जितेंद्र चंद्रवंशी, वनसिंह पचभैया, रामेश्वर, भगवत सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह धोरी, गोपाल मुकाती, भगवान सिंह चौहान, शिवनंदन ठाकुर, दीपक चौहान, तेज सिंह ठाकुर, माधव कलमोदिया, अंकित चौहान, हरीश कुलकर्णी, तक़त चौहान, भागीरथ मुकाती, चैन सिंह, राजेश चौहान, मनोहर ठाकुर, कालूराम ठाकुर, अनिल पटेल, देवेंद्र ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, होलकर वर्मा, महेंद्र पटेल, आशीष चौहान, राजेंद्र चौहान, जितेंद्र जमलिया, कृतिन जिराती, तरुण धोरी, शुभम ठाकुर, कृष्ण मुकाती, प्रभात चौहान, भूपेंद्र ठाकुर एवं क्रिश ठाकुर शमिल रहे।

## व्यास गादी से संगठन के कैलेंडर का विमोचन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

25 साल की परंपरा को निभाते हुए 26 वें साल में मप्र शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन के नेतृत्व ओर मागंदशंन में वर्ष 26 के बहुरंगी बहुउपयोगी सनातनी कैलेंडर का विमोचन मालवमाटी में मां सरस्वती के वरदपुत्र संत गोविंद जानें ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारीओ की उपस्थिति में सीहोर स्थित सिंधी कालोनी में चल रही भागवत कथा के दोनों ब्यास गादी से किया ओर संगठन प्रकाशन हेतु सभी पदाधिकारियों को अपना आशीर्वाद दिया। सर्वप्रथम प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन सहित सभी पदाधिकारियों ने संत गोविंद जानें का शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

श्रीराम गोपाल सेन ने भागवत कथा आयोजक प्रमुख गोदन सरकार के लोकेंद्र मेवाड़ा सहित अनेक पदाधिकारीओ का भी अंगवस्त्र उड़ाकर स्वागत किया इसके बाद विमोचित कैलेंडर का विमोचन श्रोताओं को किया गया कैलेंडर विमोचन के अबसर पर मप्र शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन सहित बीएम सिंह सिसौदिया, आलोक शर्मा, आर आर उइके, वीएस देवड़ा, अनुराग वर्मा, दीपक यादव, पीके श्रीवास्तव, बलराम सिसोदिया, बहादुर सिंह परमार, महेश जोशी, जितेन्द्र मालवीय, अंजूसा साहू, योगिता लोधी, प्रतिभा श्रीवास्तव, शंकर शर्मा, चंद्रकांती श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, पीएन मालवीय, लखन माहेश्वरी, आर सी डोहर, धमेंद्र चोरसिया, मुकेश सेन, सिद्धू सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र मालवीय, आर एन मालवीय, तुलसी राम परमार, संजय शुक्ला, जीवन सिंह दांगी, सुरेन्द्र सिंह यादव, वीके सिंह, जे.पी.सिंगरोलिया, महेश बगवईया, प्रकाश अग्रवाल, महेश जोशी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थें कायंकृम का संचालन प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ओर आभार प्रदर्शन महामंत्री बीएम सिंह सिसौदिया ने माना।

## शासकीय सांदीपनि उमावि मनुबेन मंडी सीहोर में सृजन 2025 का हुआ आयोजन



**सीहोर।** जिला स्तरीय सांदीपनि विद्यालय मनु बेन मण्डी सीहोर में बुधवार सृजन कार्यक्रम-20 25 मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा उनके अभिभावको को प्रदर्श, शिक्षण सहायक सामग्री एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा उनके द्वारा ली गयी विभिन्न सीखों एवं शिक्षण विधियों, प्रिंटरिच वातावरण के माध्यम से शाला स्तर पर प्राप्त उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, आवासीय खेलकूद विद्यालय के प्राचार्य आलोक शर्मा के मुख्य आतिथ्य में एवं संस्था प्राचार्य दीप सिंह राठौर की उपस्थिति में किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के शिक्षक विजय वर्मा द्वारा सृजन कार्य क्रम के बारे में तथा प्राचार्य श्री राठौर द्वारा संस्था की प्रगति का प्रतिवेदन तथा नवीन विद्यालय भवन के निर्माण की स्थिति के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले, सर्वाधिक उपस्थिति वाले,ओलम्पियाड में चयनित विद्यार्थियों एवं खेलकूद, सांस्कृतिक, चित्रकला, निबंध-लेखन प्रतियोगिता इंस्पायर अवार्ड योजना आदि में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से बोर्ड परीक्षाओं में शत- प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने एवं अपने सर्वागींण विकास करने हेतु मार्ग दर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपप्राचार्य प्रकाश सगवालिया, प्रअ.माध्यमिक व प्राथमिक विभाग रेखा रानी सिंह व रेखा चौहान सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ की उपस्थिति सराहनीय रही कार्यक्रम का सफल संचालन माधव यादव माध्यमिक शिक्षक द्वारा किया गया।

### निर्दोष मुस्लिमों को परेशान ना करें, दोषियों पर कार्रवाई करे प्रशासनः खान

**सीहोर।** पुलिस आष्टा निर्दोष मुस्लिमों को परेशान ना करें। अलीपुर के धार्मिक स्थल पर उपद्रव मचा कर आष्टा कि शांत फिजा को खराब करने वाले बाहरी तत्वों और घटना के असली गुनहगारों के खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करें। भाजपा राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि आष्टा हिंदू मुस्लिम एकता शांति सोहार्द का टापू है । हरदा से होकर वाहनों से लौट रहे लोगों ने धार्मिक स्थल को अपवित्र किया । कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो मारपीट की गई। इसके बाद कुछ अज्ञात लोगों ने उनके वाहनों में तोड़फोड़ कर दी और कुछ अज्ञात लोगों ने पथराव किया। प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष होकर पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करें जिससे कि कोई निर्दोष को सजा नहीं मिले। खान ने कहा कि इस मामले को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है भाजपा की विरोधी पार्टिया इस मामले को और भी सुलगाने में लगी हुई है। खान ने सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

### जिले भर में बूथ स्तर तक मनाई गई अटल बिहारी वाजपेई की जयंती

## भारत की घरेलू और विदेश नीति को आकार देने में अटलजी ने निभाई थी भूमिकाः नरेश मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने भारत के प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री, संसद की विभिन्न महत्वपूर्ण स्थायी समितियों के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता के रूप में आजादी के बाद भारत की घरेलू और विदेश नीति को आकार देने में एक सक्रिय भूमिका निभाई। पौखरण परमाणू विस्फोट कर उन्होने दुनिया को चौका दिया था। पाकिस्तान को कारगिल युद्धा में करारा जबाव पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी ने हीं दिया था।

लाहौर बस यात्रा से अटलजी ने शांति का संदेश भी दुनिया को दिया था। वाजापेई राजनीति के क्षेत्र में चार दशकों तक सक्रिय रहे उक्त बात भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं,उन्होने कहा कि अटलजी लोकसभा में नौ बार और राज्यसभा में दो बार चुने गए जो अपने आप में ही एक कीर्तिमान है। गुरूवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जिले में भूथ स्तर पर हर्षोउल्लास से मनाई गई। प्रमुख कार्यक्रम भाजपा जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा ने अटल चौराहे पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा,विधायक सुदेश राय नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भाजपा जिला कार्यालय में अटल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने हीं देश को सुपर पावर बनाने का कार्य किया है देश में उद्योगों की क्‍रति भी अटल के कार्यकाल में शुरू हुई है प्रधानमंत्री सड़क योजना से प्रदेश के सभी गांव मुख्य सड़क से जुड़ गए है। प्रधानमंत्री अटलजी ने ही अयोध्या में कारसेवा का शुभारंभ किया था और श्रीराम मंदिर हमारे सामने है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि अटलती के भाषण कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य करते थे अटलजी ने नगरीय प्रशासन नगर पालिकाओं को भी अनेक अधिकार दिए थे जिन को लाभ आज देश की जनता को मिल रहे है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहन चौरसिया, अशोक सिसोदिया जिला महामंत्री रवि नागले, राजकुमार गुप्ता, विपिन सास्ता, सुदीप प्रजापति, नरेन्द्र राजपूत, लखन चौरसिया, लोकेंद्र वर्मा, विजेंद्र परमार, गोपाल सोनी, आशुतोष त्यांगी, अशीष पचौरी, रोहित यादव, अजय पाल, गौतम, रवि पारे, ब्रजमोहन सोनी, राहुल राय, हरीश राठौर, गगन नामदेव, नीरज जाटव,अर्जुन राठौर, कमलेश राठौर, राजेश परिहार, सागर सिंह ठाकुर, प्रदीप बिजोरिया, सुनील राय, सत्तम राठौर, समीर सेन सहित समस्त महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सीमा परिहार, सागर सिंह ठाकुर, पुष्पलता राठौर, मनोरमा शर्मा, प्रेमलता राठौर,सीमा सक्सेना, की कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अटलजी ऐसे जननायक थे, जिन्हें विपक्षी भी पसंद करते थेः जसपाल सिंह अरोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, भूतपूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व नगरपालिका, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने उन्हें याद किया। इस दौरान नगर के अटल चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उन्हें याद किया। श्री अरोरा ने कहा कि भारत रत्न, भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी ऐसे जननायक थे, जिन्हें विपक्षी नेता भी पसंद करते थे। स्व. अटलजी ने हमेशा से सुचिता की राजनीति की। वे अपनी बेबाकी के लिए भी जाने जाते थे। अब उन्हीं के आदर्शों, सिद्धांतों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देश को आगे बढ़ा रहे हैं। श्री अरोरा ने कहा कि स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के वे प्रेरणा पुरूष हैं, जिनसे हम सभी प्रेरणा लेते हैं। भारतीय जनता पार्टी उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ा रही है। इससे पहले नगर के कई जनप्रतिनिधियों ने अटल चौक पर पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया। इस मौके पर नगर के अटल चौक पर अटलजी की भव्य प्रतिमा से सुसज्जित करने के लिए तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष अमिता जसपाल सिंह अरोरा के कार्यकाल की जमकर सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजनों और नागरिकों ने तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष अमिता जसपाल सिंह अरोरा और वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। दरअसल इस व्यस्ततम चौराहे की पहचान अटल जी के नाम से होने का श्रेय अरोरा दंपत्ति को जाता है। मालूम हो कि 22 दिसंबर 2018 को तत्कालीन नपा अध्यक्ष अमिता जसपाल सिंह अरोरा के कार्यकाल में ही यहां अटलजी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई थी और इस चौराहे का नाम बदलकर 'अटल चौक' किया गया था। आज जब लोग यहां श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे, तो उन्होंने याद किया कि कैसे अरोरा दंपत्ति ने अटल जी के जन्मदिन से ठीक पहले शहर को यह ऐतिहासिक सौगात दी थी, जो आज सीहोर की पहचान बन चुकी है।

### मध्यरात्रि राजगढ़ मुख्यालय पर मचाया आतंक, सराफा व्यापारियों की दुकानों पर निशाना

# आधी रात सर्राफा साफ, 5 से 6 लाख का माल ले उड़े हथियारबंद बदमाश

**खास बातें**

- जिस व्यापारी के यहां चोरी हुई घटना के कुछ समय बाद अटैक से उनका निधन
- पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य अधिकारियों ने किया मौका-मुआयना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुलिस की नाईट पेट्रोलिंग को एक बार फिर से धता बताते हुए राजगढ़ मुख्यालय पर बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि 15 से अधिक हथियारबंद अज्ञात डकैतों ने किला क्षेत्र में बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। इन बदमाशों ने दो सराफा कारोबारोरियों के यहां से करीब 5-6 लाख की नकदी, ज्वेलरी सहित अन्य सामानों पर हाथ साफ किया। एक अन्य कारोबारियों के यहां भी ये सेंध लगाने के प्रयास में नाकामयाब रहे।

किला क्षेत्र में इन वारदातों को अंजाम देने के बाद ये डकैत/चोर इतने पर भी नहीं रुके और बांसवाड़ा क्षेत्र में एक युवक की बाईक चुरा ले गए। रात्रि करीब 3.30 पर हुई इस घटना की जानकारी लगते ही पूरे नगर में सुरक्षा के लिहाज से दहशत मच गई। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दुःखद यह भी हुआ कि एक जिन व्यापारी के यहां चोरी हुई उनका गुरुवार दोपहर को अचानक हृदयाघात से निधन हो गया।

#### रात 3 बजे लट्ठ, हथियारों से लैस होकर पहुंचे बदमाश

राजगढ़ नगर के किला क्षेत्र में सराफा व्यापारी राजू सरार्फ के यहां सबसे पहले वारदात को अंजाम दिया गया। यहां बदमाशों ने उनकी दुकान का शटर उचकाकर करीब 4 लाख रुपए नकद एवं चांदी की ज्वेलरी चुराई। इसी मकान में सचिन सोनी की दुकान का ताला तोड़कर तिजोरी में रखी गुल्लक निकालकर उसमें रखे करीब 40 हजार रुपए व ज्वेलरी पर भी हाथ साफा कर दिया।



15 से अधिक की संख्या में आए इन बदमाशों ने समीप के मुकेश सोनी की दुकान पर भी हाथ साफ करने का प्रयास किया लेकिन इस बीच आसपास के निवासियों द्वारा चोर-चोर पुकारने से घबराए बदमाश जितना हाथ लगा उतना माल लेकर पुरानी कोतवाली के पास छारबाग वाले रास्ते से भाग खड़े हुए। इसके उपरान्त उन्होंने बांसवाड़ा मुक्तिधाम के समीप खड़ी युवक कमल मेवाड़े की बाईक भी चुरा ली।

#### शोर मचा तब भागे बदमाश

किला क्षेत्र में जब सभी बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे थे उसी समय मुर्तजा वोहरा को आहट आने पर जब उन्होंने घर से झांककर देखा तो उनके होंश फाख्ता हो गए। हालांकि, उन्होंने धीरज नहीं खोया और तुरंत पुलिस को इत्तिला देने के साथ ही बड़ी तेज आवाज में चोर-चोर मचाया। इसके चलते सभी बदमाश भाग खड़े हुए। इस दौरान उनके द्वारा फेंके गए पत्थरों से मुर्तजा को भी कंधे पर चोट आई।

#### बांसवाड़ा क्षेत्र में युवकों ने दिखाया साहस

किला क्षेत्र में वारदात को अंजाम देने के बाद जब ये बदमाश बांसवाड़ा क्षेत्र के रास्ते भाग रहे थे तब अमित मेवाड़े, कमल मेवाड़े, गोलू मेवाड़े, प्रकाश चैरासिया ने उनका सामना करने का प्रयास भी किया। इस दौरान बदमाश एक थैला भी आनन-फानन में मौके पर गिरा गए जिसे बाद में इन युवकों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

#### वारदात के कुछ घंटे बाद व्यापारी का निधन

किला क्षेत्र में जिन सुमित सोनी के यहां बदमाशों ने चोरी को अंजाम दिया था उनके पिता सुंदरलाल सोनी को जब इस की खबर मिली तो दोपहर करीब 2 बजे उन्हें हार्टअटैक आ गया। इस दौरान नवयुवक गौसेवा समिति के युवकों ने सीपीआर इत्यादि देकर उनकी जान बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन वे नहीं बच पाए।

#### इनका कहना है

घटना की पतारसी के लिए पांच विशेष टीमें गठित की गई हैं। सीसीटीवी, तकनीकी साक्ष्यों सहित अन्य सभी पहलुओं के आधार पर बदमाशों का पता लगाया जा रहा है। वे जल्द सलाखों के पीछे होंगे।

- **अमित तोलानी**, पुलिस अधीक्षक, राजगढ़

### हम हैं धरती के दूत रहेगी इस वर्ष के अनुभूति शिविर की थीम

## वन विभाग व मध्य प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड करेगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



वन विभाग एवं मध्य प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले स्कूली विद्यार्थियों के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम अनुभूति के इस वर्ष के शिविरों का आयोजन राजगढ़ वन मंडल में भी 26 दिसम्बर से 31 जनवरी के मध्य किया जाएगा।

पूरे प्रदेश में 472 वन परिक्षेत्रों में 950 से भी अधिक शिविरों के माध्यम से लगभग 1 लाख 20 हजार बच्चों को प्रशिक्षित किये जाने की तैयारी की गई है। विगत 9 वर्षों से अनुभूति शिविरों के मास्टर ट्रेनर भगवती शरण शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर में आने वाले विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी जिनमें कि पक्षी एवं वन्य प्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण, प्रकृति की पाठशाला, वानिकी गतिविधियों की जानकारी, वन, वन्य प्राणी एवं पर्यावरण के महत्व का रेखांकन, विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान, प्रश्नोत्तरी, वन अमले का परिचय, परिचर्चा, सांस्कृतिक गतिविधियां, नेचर वॉलिंटियर फोर्स का गठन, पर्यावरण रक्षा की सामूहिक शपथ के साथ पुरस्कार वितरण आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, शिविर में आने वाले विद्यार्थियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन आदि की व्यवस्था भी वन विभाग द्वारा की जा रही है।

राजगढ़ जिले के तीनों वन परिक्षेत्रों से 2-2 शिविरों के मान से कुल 6 शिविरों का आयोजन वन्यप्राणी अभ्यारण्य, चिड़ीखोह में किया जाएगा।

#### इस वर्ष की थीम हम हैं धरती के दूत

म.प्र. एकोटूरिज्म बोर्ड द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवाचार करते हुए आगंतुक विद्यार्थियों को पर्यावरण हितेषी जीवनशैली को प्रोत्साहित करने एवं नई पीढ़ी को जिम्मेदारी पूर्वक पृथ्वी के परिष्तिथिकीय तंत्र के संरक्षण के लिए तैयार करने के उद्देश्य से इस वर्ष की थीम हम हैं धरती के दूत रखी गयी है जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन शिविर मैं आने वाले विद्यार्थियों के लिए विभाग द्वारा किया जावेगा ।

### सड़क नाम परिवर्तन पर होगी सियासी जंग

**ब्यावरा।** नगरपालिका द्वारा ब्यावरा नगर के राजगढ़ रोड, जो शासकीय अभिलेख मे स्वर्गीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम से दर्ज है उसको बिना किसी कारण से परिवर्तित कर द्वेष की मानसिकता का परिचय दिया है साथ ही भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत को अपमानित किया है। नाम परिवर्तन के विरोध मे ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व मे तथा सभी सम्मानीय स्थानीय वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति मे 28 दिसंबर को ज्ञापन एसडीएम ब्यावरा को दिया जाएगा। आप सभी सम्मानीय कांग्रेस परिवार ,युवा कांग्रेस ,एन एस यू आई ,महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस, पिछडा वर्ग कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथियो से सादर अनुरोध है की इस कार्यक्रम मे सम्मिलित हो कर इस कांग्रेस पार्टी की आवाज को बुलंद करें।

### सकल हिंदू समाज का जनवरी माह में आयोजन

## राजगढ़ क्षेत्र के 84 हनुमान मंदिरों की करेंगे पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सनातन और धर्मभाव को बढ़ावा देने नगर के सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आगामी 24 जनवरी 2026 से 30 जनवरी तक सात दिवसीय 84 हनुमान दर्शन यात्रा का आयोजन करवाया जाने वाला है। नगर के लगभग 80 हनुमान मंदिरों सहित चार अन्य हनुमान मंदिरों के लिए यह पैदल यात्रा की जाएगी। यात्रा के समापन उपरान्त मां जालपा धाम पहाड़ी की पैदल परिक्रमा भी सैकड़ों धार्मिकजनों द्वारा की जाएगी। उक्त आयोजन की तैयारियों को लेकर गत दिवस भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान संपूर्ण यात्रा के संबंध में विस्तृत रूपरेखा तैयार की करते हुए आधिकाधिक हिन्दू समाज को इस आयोजन से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि यात्रा के अंतिम दिवस 30 जनवरी को जालपा मैया की पहाड़ी की पैदल परिक्रमा उपरान्त पूजा-आरती एवं प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### सकल हिन्दू समाज ने किया पुतला दहन, सड़कों पर की जमकर नारेबाजी

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रैली निकाल कर किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पडोसी देश बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न और हिंसक घटनाओं के विरोध में गुरुवार को सकल हिन्दू समाज, सारंगपुर के तत्वावधान में नगर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में हिन्दू समाजजनों ने एकजुट होकर पैदल रैली निकालते हुए बस स्टैंड पर मोहम्मद युनुस का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के मुखर्जी चैक से हुई, जहां सकल हिन्दू समाज के सैकड़ों सदस्य एकत्रित हुए। वहां से नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पैदल रैली निकाली गई। रैली के दौरान हाथों में तख्तियां और भगवा ध्वज लिए प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने तथा भारत सरकार से ठोस हस्तक्षेप की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। रैली का समापन नगर के बस स्टैंड पर किया गया, जहां बांग्लादेश सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर लगातार हमले, मंदिरों में तोडफोड, घरों को जलाना और महिलाओं पर अत्याचार जैसी घटनाएं अत्यंत निंदनीय हैं। वक्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस गंभीर मुद्दे को उठाकर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए।

## हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां को लेकर बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरदृशोर से प्रारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को सुदर्शन बस्ती स्थित माता मंदिर परिसर में सर्व हिन्दू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर एवं आसपास की बस्तियों से बडी संख्या में सामाजिक, धार्मिक एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, प्रचारदृप्रसार एवं सहभागिता बढाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

## सुंदरपुरा प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित हुई, लिए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर




समीपवर्ती गांव सुंदरपुरा में विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक गांव के श्री राम मंदिर पर रखी गई जिसमें ग्राम प्रस्फुट समिति समिति के अध्यक्ष मांगीलाल लववंशी सचिव राहुल शर्मा एवं समित के सभी सदस्य और गांव के नागरिक उपस्थित रहे बैठक में नवांकुर समिति श्री महावीर चाठा कुंडी बालाजी शिक्षण समिति के अध्यक्ष दिनेश लववंशी सचिव राधेश्याम लववंशी उपस्थित रहे कई बिंदुओं पर चर्चा की गई जैविक खेती जल संरक्षण अभियान नशा मुक्ति पर्यावरण बचाओ स्वच्छता स्वास्थ्य आदि सामाजिक मुद्दे प्रमुख रहे।

## शासकीय मॉडल स्कूल खुजनेर में प्रेरक कार्यक्रम किया गया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



शासकीय उच्चतर माध्यमिकविद्यालय खुजनेर में शिक्षाविद सत्यनारायण शर्मा एवं प्रेम नारायण नागर की उपस्थिति में एक प्रेरणादाई कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें सत्यनारायण शर्मा के द्वारा कक्षा 12वीं के छात्रों को आध्यात्मिक भावनाओ से जोडते हुए,यह समझाने का प्रयास किया गया कि जिस तरह शरीर के विकास के लिए संतुलित एवं पोषित भोजन की आवश्यकता होती है,उसी तरह मन को भी भोजन के रूप मे अच्छे विचारों की आवश्यकता होती है क्योंकि दूषित विचारों से मन दूषित हो जाता है प्रेमनारायण नागर ने अनुभव से कक्षा 12 के छात्रों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। इसमें संस्था प्राचार्य आशीष गुप्ता गिरवर नागर,राजेश पाटीदार,गोविंद गुप्ता एवं जितेंद्र कुमार यादव ने मार्गदर्शन दिया।

## विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर शोभायात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समग्र हिन्दू समाज को जाग्रत करने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन का आगाज अक्षत कलश , शोभा यात्रा एवं नवीन हाट बाजार तालाब परिसर में भुमि पुजन से हुआ। आगामी 11 जनवरी को होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर में शोभा, कलश यात्रा एवं भुमि पुजन का आयोजन हुआ।

यात्रा में पुरुषों के साथ बडी संख्या में महिलाओं शामिल हुए। महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण किए यात्रा को सुशोभित कर रही थी वहीं युवा वर्ग एवं पुरुष भगवान के जयकारे लगाते चल रहे थे तथा हनुमान चालीसा का नगर मुख्य इंदर चौराहे पर पाठ किया। ाोभायात्रा रामलीला चौक से शुरू होकर बुधवारिया बाजार अटल चोक से होती हुई खिलचीपुर नाका नवीन हाट बाजार परिसर में पं. अनुराग शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना से भूमि पूजन किया गया। यात्रा में रथ पर विराजमान राम लखन की झांकी आकर्षण का केंद्र रही पुजा अर्चना उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।


### राष्ट्रनिष्ठ विचारक, ओजस्वी वक्ता एवं पूर्व पीएम की जन्म जयंती पर हुए आयोजन

भारत रत्न अटल बिहारी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

## सुशासन दिवस पर राजगढ़ रोड अब बना अटल बिहारी मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





सुशासन के प्रणेता, राष्ट्रनिष्ठ विचारक, ओजस्वी वक्ता एवं पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के पावन अवसर पर ब्यावरा नगर को एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण सौगात प्राप्त हुई। नगर के प्रमुख पीपल चैराहे पर अटल जी की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार एवं सांसद रोडमल नागर द्वारा पूर्ण विधि-विधान के साथ किया गया।

इस अवसर पर नगर के विकास और स्मृति-संरक्षण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई। अब ब्यावरा नगर का प्रमुख राजगढ रोड, देश के महान नेता की स्मृति में 'अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग' के नाम से जाना जाएगा। यह निर्णय नगर के इतिहास में एक नई पहचान और गौरव का अध्याय जोडने वाला माना जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संस्कृति और राष्ट्रसेवा की जीवंत मिसाल थे। वे भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिनकी स्वीकार्यता सभी दलों और विचारधाराओं में समान रूप से रही।

उन्होंने कहा, "हमारा ब्यावरा एक उभरता हुआ आधुनिक नगर है। पीपल चैराहे पर अटल जी की प्रतिमा की स्थापना से नगर को वैचारिक ऊर्जा और सांस्कृतिक पहचान मिलेगी। अटल जी के विचार आज भी हमें राष्ट्रहित में निर्णय लेने की प्रेरणा देते हैं।" मंत्री पंवार ने अटल जी के जीवन से जुड प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी राजनीति राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर आधारित थी। उन्होंने 1994 का उदाहरण देते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार के समय, तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हा राव ने विपक्ष के नेता होने के बावजूद अटल जी पर भरोसा जताया और उन्हें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग, जेनेवा में भारत का पक्ष रखने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सौंपा। यह वह क्षण था, जब दल से ऊपर देश को रखा गया और अटल जी की राष्ट्रनिष्ठा पर सम्पूर्ण देश को गर्व हुआ,। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी कुशवाह, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, जिला महामंत्री देवी सिंह सौंधिया, ममता इंदौरिया, जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, जगदीश पंवार,जसवंत गुर्जर, अमित शर्मा, रामनारायण दांगी, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, जयेंद्र गुर्जर, बलवान सिंह , पार्षदगण, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे,सीएमओ इकरार अहमद, सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

#### अटल जी के विचारों ने राजनीति को सही दिशा और समाज को विश्वास दिया: सांसद नागर

सांसद रोडमल नागर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल नेता नहीं, बल्कि विचारधारा और संवेदना का संगम थे। उन्होंने कहा, "अटल जी ने अपने विचारों को जीवन में उतारकर दिखाया। उन्होंने सिखाया कि सत्ता में रहते हुए भी विनम्रता और जनसंवेदना कैसे बनाए रखी जाए।"

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती



**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद के नेतृत्व में गुरुवार को नगर के अटल चैक पर पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अटल चैक स्थित उनकी प्रतिमा पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक एवं पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित किया। पोखरण में किए गए परमाणु परीक्षण के माध्यम से उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित किया।

## खबर संक्षेप

### फार्मर रजिस्ट्री के लिए तहसीलदार ने की अपील

**जावर।** शासकीय योजनाओं में पारदर्शिता एवं सीधे किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिये फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक है। फार्मर रजिस्ट्री बनवाने से ऋण, बीमा और सब्सिडी के लिए बार-बार दस्तावेज जमा करने से मुक्ति मिलेगी। इसके डेटाबेस से सरकार के लिए किसानों की सही जानकारी पर आधारित योजनाएं बनाने में भी मदद मिलेगी। पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से और पारदर्शिता के साथ मिल सके तथा भविष्य में योजनाओं का लाभ उठाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अत्यंत उपयोगी है। फसल बीमा, क्षतिपूर्ति और आपदा राहत में भी फार्मर रजिस्ट्री से आसानी होगी। इससे ऋण और सब्सिडी, डिजिटल केसीसी और खाद सब्सिडी का लाभ किसानों को आसानी से मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री से आधुनिक खेती विभिन्न कृषि कार्यक्रमों और परामर्श से जुड़ सकेगी। उर्वरक वितरण के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 01 अक्टूबर 2025 से जबलपुर, विदिशा और शाजापुर जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किसान आईडी से आईडी में दर्ज जमीन के रकबे और लगाई गई फसल में आवश्यक उर्वरक की गणना कर ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण का नवाचार लागू किया गया जो सफल रहा एवं अब पूरे प्रदेश के सभी जिलों में ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण करने की कार्यवाही की जाना है, जिसके तहत फार्मर आईडी जनरेट करने वाले कृषकों की जानकारी सिस्टम में उपलब्ध होती है ताकि उर्वरक की वितरण की कार्यवाही हेतु भूमि की जानकारी का उपयोग किया जा सके। अब पशुपालन विभाग की योजनाओं को भी किसान आईडी से जोड़ा जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री के लिये जागरूकता एवं किसानों को प्रेरित करने के लिये तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा द्वारा समस्त जनप्रतिनिधियों एवं सरपंचों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के किसानों को फार्मर रजिस्ट्री करवाने के लिये प्रेरित करें ताकि सभी किसानों की अपनी भूमि की किसान आईडी अनिवार्य रूप बन सकें और उन्हें शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिल सकें एवं मिलता रहे।

### गुरु सप्तमी पर होंगे विभिन्न आयोजन

**जावर।** महिदपुर रोड श्री स्थानीय सुविधि नाथ जैन मंदिर में शनिवार को गुरुदेव राजेंद्र सुरिश्वर महाराजा की जन्म व स्वर्गा रोहण तिथि पोष सुदी सप्तमी महापर्व को धूमधाम से मनाया जाएगा ।जिसमें जैन समाज द्वारा गुरु सप्तमी के पावन अवसर पर प्रभात फेरी सुबह 6:30 बजे, तत्पश्चात भातें का आयोजन किया जाएगा। भक्तांबर पाठ, जाप प्रातः 10 बजे दोपहर में 12 विजय मुहूर्त में राजेंद्र सुरि गुरु पद महापूजन का आयोजन लाभार्थी रमेश चंद, अमित कुमार, अंकेश कुमार कोचर मावा वाला परिवार द्वारा किया जाएगा ।रात्रि में 7:30 बजे महाआरती एवं भक्ति संध्या का आयोजन महिदपुर रोड जैन श्री संघ द्वारा किया जाएगा। जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरडिया ने समाज के सभी महानुभावों से अनुरोध किया है कि गुरु सप्तमी के कार्यक्रमों में पधार कर जिन शासन की शोभा में अभिवृद्धि करें।

## व्यापारी संगठनों का संदेश, व्यापार और शहर के हित के लिए शांति जरूरी, अफवाहों से बचकर रहने की अपील

# व्यापार महासंघ अध्यक्ष सहित व्यापारिक संगठनों ने की शांति की अपील, मुस्लिम समाज ने कार्रवाई को लेकर सौंपा ज्ञापन

शहर में तनाव की स्थिति निर्मित हो रही है जिससे शहर वासियों से लेकर व्यापारी वर्ग चिंतित नजर आ रहा है। व्यपारी संघ ने भी लोगों से शांति बनाए रखने अपील की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बीते दिनों शहर के धर्म गुरुओं सहित जनप्रतिनिधियों ने वीडियो जारी कर शांति की अपील की थी। वही अब शहर के व्यापार महासंघ सहित व्यापारिक संगठनों ने भी शहर में सांप्रदायिक माहौल बनाए रखने की अपील की है। इस दौरान शहर के व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर और मोबाइल एसोसिएशन, किराना व्यापारी एसोसिएशन , होटल व्यापारी एसोसिएशन सहित अन्य व्यापारिक संगठनों ने व्यापार और शहर के हित में शांति का संदेश दिया है।

### व्यापार महासंघ की व्यापारियों से अपील



आष्टा के व्यापारिक संगठनों के मिलाकर बने व्यापारी महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर ने भी वीडियो जारी कर शहर में शांति व्यवस्था बरकरार रखने की अपील की है महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर ने वीडियो के जरिए कहा कि 21 दिसम्बर को हुई घटना बेहद निंदनीय थी और उक्त घटना के आरोपियों को भी पुलिस प्रशासन की सतर्कता से गिरफ्तार किया जा चुका है और आगे भी आरोपियों को पुलिस चिह्नित कर ठोस कार्यवाही करेगी। आप सभी शहर के व्यापारियों से अब अपील है कि शांति बनाएं रखे और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। जिला प्रशासन के साथ हम सभी लोगों का सहयोग भी बहुत जरूरी है।

### होटल व्यापारी संघ अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की



शहर के सबसे बड़े व्यापारिक संगठनों में शामिल होटल व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष सौरभ शीतल ने भी वीडियो जारी कर शांति बनाए रखने की अपील की है होटल व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष सौरभ शीतल ने कहा कि जैसा की हम सभी को ज्ञात है विगत दिनों में जो घटना आष्टा में हुई उससे सभी को बहुत दुख और हमे खेद है की इस प्रकार की घटना हमारे आष्टा शहर में हुई , जिला एवं नगर का प्रशासन पूरी ताकत के साथ इस घटना की निष्पक्ष जाँच एवं दोषियों को कड़ी सजा दिलवाने का कार्य कर रहे है ।मेरा सभी नगर वासियो से निवेदन है की आप शासन एवं प्रशासन पर विश्वास रखें एवं सकारात्मक माहौल एवं सहयोग बनाये रखें ।

### शहर और व्यापार हित के लिए शांति जरूरी-किराना व्यापारी एसोसिएशन



शहर में बड़ी संख्या में किराना स्टोर है इन्हीं किराना व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष शेलू मेहता ने भी शहर के किराना व्यापारियों के अध्यक्ष होने के नाते शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है शेलू मेहता ने कहा कि व्यापार और शहर हित में शांति बरकरार रहना चाहिए है इससे व्यापार में प्रगति रहती है वही 21 दिसम्बर को हुई घटना दुखद है उस घटना के आरोपियों पर कठोर कार्यवाही होना चाहिए लेकिन शहर की शांति भंग न होना भी हम सबकी जिम्मेदारी है इसलिए किसी भी अफवाहों पर ध्यान नहीं दे और शांति बनाकर प्रशासन का सहयोग करे।

## मुस्लिम समाज ने घटना पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शुक्रवार को मुस्लिम समाज ने अलीपुर की घटना के विरोध में अपनी दुकानें बंद रखीं। समाज के लोग जुम्मे की नमाज के बाद पुराना बस स्टैंड पर एकत्रित हुए और प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एसडीएम नितिन टाले और एसडीओपी आकाश अमलकर सहित पुलिस बल मौजूद रहा। ज्ञापन शहर काजी फजले बारी आरिफ साहब के नेतृत्व में समाजजनों की उपस्थिति में सौंपा गया। ज्ञापन में प्रशासन द्वारा की जा रही एकतरफा कार्रवाई का विरोध जताया गया। मुस्लिम समाज ने 21 दिसंबर 2025 को आष्टा में हुई घटना की निंदा की और इसे आकस्मिक बताया। समाज का कहना है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार और अमान्य हैं। उनके अनुसार, यह घटना बहुत छोटी थी और मौके पर ही प्रशासन और सर्व समाज के प्रयासों से समाप्त हो गई थी। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि इस घटना को षड्यंत्रपूर्वक बड़ा रूप दिया गया है। बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा आष्टा और आसपास की गंगा-जमुनी तहजीब को खराब कर शांति भंग करने का प्रयास किया जा रहा है। शहर काजी फजले बारी आरिफ साहब ने बताया कि घटना के बाद से लगातार बाहरी लोग आकर मकान तोड़ने और मस्जिद तोड़ने की धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से अगले जुम्मे तक का समय देते हुए इन धमकियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि उनका समाज बड़े लोगों और काजी साहब के प्रयासों से शांति बनाए हुए है, जबकि अन्य समाज के लोग सोशल मीडिया पर गैरकानूनी बयानबाजी कर शहर की शांति भंग करने का प्रयास कर रहे हैं और मुस्लिम समाज को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं।

### शहर काजी ने दिया शांति का पैगाम

मुस्लिम समाज के शहर काजी फ़जले बारी ने भी वीडियो के जरिए शांति का पैगाम देते हुए कहा कि 21 तारीख को हुई घटना निंदनीय और शर्मनाक है शहर में शांति और अमन बरकरार रहे।

### भाईचारे का शहर है आष्टा



आष्टा मोबाइल, इलेक्ट्रिक एसोसिएशन अध्यक्ष दीपू तुतलानी ने भी वीडियो जारी कर शांति की अपील की है मोबाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपू तुतलानी ने कहा कि हमारा शहर आपसी भाईचारे और सौहार्द के जाना जाता है यह का भाईचारा और सौहार्द की अन्य राज्यों में तारीफ होती है शहर की शांति और व्यापार को देखते हुए सभी हमें आपसी भाई चारे के साथ मिलकर रहना है इसलिए शांति और सौहार्द कायम रहना चाहिए। प्रशासन अपना काम ईमानदारी से कर रहा है दोषियों पर सख्त कार्यवाही की गई है और आगे भी ठोस कार्रवाई पुलिस प्रशासन करेगा।

## साप्ताहिक राष्ट्रीय गणित दिवस का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सीहोर द्वारा साप्ताहिक राष्ट्रीय गणित दिवस का समापन किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (एम.पी. काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी) द्वारा प्रेरित एवं समर्थित रहा। इस अवसर पर अप्लाइड साइंस विभाग द्वारा भारतीय गणितज्ञों के आधुनिक युग में योगदान विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें मुख्य रूप से— गणितीय पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता , गणित क्विज (प्रश्नोत्तरी) प्रतियोगिताएवं पजल/ब्रेन टीजर प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संचालन किया। प्रतियोगिताओं में 300 छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं गणितीय समझ का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर (डॉ.) रिचा गुप्ता, डीन, एलाइड साइंसेज़, एस.आर.के. यूनिवर्सिटी, उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों को गणितः जीवन, इतिहास एवं प्रौद्योगिकी की अदृश्य भाषा विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) मुकेश तिवारी ने कहा कि आज के डिजिटल और तकनीकी युग में गणित की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, इंजीनियरिंग, मेडिकल रिसर्च और अर्थशास्त्र जैसे क्षेत्रों में गणित की मजबूत नींव सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर, अनुसंधान एवं विकास निदेशक डॉ. मोहित गंगवार, विभागों के शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे। विजेताओं को पुरस्कार वितरण के उपरांत साप्ताहिक राष्ट्रीय गणित दिवस का समापन किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. धीरज शिंदे, सुमित राठौर, सह संयोजक डॉ रणजीत कुमार पूसे, डॉ गीता खूबचंदानी, देवेंद्र पटले, अंकित नवगीत जोशी रहे, जिनके उत्कृष्ट नेतृत्व, निर्देशन एवं सहयोग में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालक देशदीपक एवं आभार रुचि चौहान द्वारा किया गया ।

## ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का हुआ आयोजन, ग्रामीणों ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



शुक्रवार को ग्राम पंचायत खाचरोद में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को बदलकर नई योजना विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण वीसीजी रामजी बिल रख दिया गया है। मनरेगा में ग्रामीण परिवार को साल में 100 दिन रोजगार के बजाय नए कानून में इसे बढ़ाकर 125 दिन किया गया है। इस योजना में जल सुरक्षा से जुड़े कार्य भूजल पुनर्निर्माण ग्रामीण आधो संरचना आजीविका से संबंधित आपदा प्रबंधन मौसमी घटना आदि वी सी जी राम जी योजना का प्रचार प्रसार किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत खाचरोद सरपंच शंकर पटेल जाट, नोडल अधिकारी लोवेश निरंजन, कृषि विस्तार अधिकारी सचिव लखन वर्मा, रोजगार सहायक सुनील जाट सभी पच आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता व ग्राम वासी उपस्थित थे।

## खींची खेड़ा के चिंताहरण हनुमान मंदिर पर पेवर ब्लॉक कार्य का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



कोठरी खिंची खेड़ा पर श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर स्थित है जो की आसपास के क्षेत्र बहुत माना हुआ है कहा जाता है की यहाँ कभी एक पूरा गाँव बसा हुआ था जमीन की खुदाई करने पर अभी भी घरों के अवशेष मिलते हैं, यहाँ पर शनिवार और मंगलवार को श्रद्धालुओं की काफ़ी भीड़ रहती है। मान्यता है कि आप यहां आकर जो भी मांगते है आपकी जो इक्षा होती है वो पूरी हो जाती है फिर लोग यहां भंडारा कराते है। विगत दिवस राजेंद्र तोमर के द्वारा यहां भंडारा कराया गया था। जिसमे बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इसी बीच भोजन करने की जगह समतल नही होने की वजह से श्रद्धाओं को काफ़ी दिक्कत आ रही थी, इस बात को वहां उपस्थित नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मानक जैन, पार्षद राजपाल खेरी, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष रूपेश पटेल, पार्षद मुकेश भेंडी, अनूप पटेल, महेश नेता, रामबाबू वर्मा त्रिपाठी इन सभी ने गंभीरता से लिया और अगले ही दिन अपने निजी व्यय से यहां पेवर ब्लॉक कार्य का भूमि पूजन कर संपन्न करादिया, ताकि आगे से श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो। इस अवसर पर कैलाश, चंदर सिंह, अनूप सेठ, महेश वर्मा, मुकेश खेरी अन्य उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र में चलाया गया कायाकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में शासन की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और निरंतर गुणवत्ता पूर्ण सुधार हेतु स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे कायाकल्प अभियान के अंतर्गत असेसमेंट किया गया। जिसमें भोपाल से डॉक्टर दीपक चौधरी एवं अनीता दुगाया के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें कायाकल्प के सभी मापदंडों को देखा ओर हॉस्पिटल में उसके अनुरूप किए गए कार्यों की सराहना की, उनके द्वारा स्टॉफ जिस एकता और परिवार कि तरह शासन के द्वारा चलाए गए सभी नेशनल प्रोग्राम को धरातल पर लाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं।

उन्होंने समस्त स्टॉफ कि जमकर तारीफ कि ये जावर हॉस्पिटल के लिए गौरव कि बात है। यह सब आष्टा के मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित माथुर के अथक प्रयास से संभव हो पाया है। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपराज बागरी के मार्गदर्शन में असेसमेंट हुआ उनकी लगन और निष्ठा का फल हैं कि आज जावर हॉस्पिटल अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। जिसमें हॉस्पिटल के समस्त स्टॉफ कि सराहना की। जिसमें डॉ अभिषेक कुशवाह, डॉ मनमोहन वर्मा ,डॉ भाविका चचलानी एवं रवि गोस्वामी, आत्माराम गोयल, सुरेश कुमार मालवीय, देवकरण सिंह मालवीय, संतोष कुमार वैद्य एवं नर्सिंग ऑफिसर कुमारी प्रीती अजित, कु रानी सिंह, अरुणा भिलाला, प्रज्ञा बालोदीया, रागिनी बिसेन, संगीता कुशवाह, आरती कुशवाह, कृति श्रीवास एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा अंत में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपराज बागरी ने आभार व्यक्त किया।

## प्रदेश की सबसे ऊंची अटलजी की प्रतिमा का हुआ लोकार्पण

# नपा ने शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरपालिका द्वारा अटल कॉलोनी में स्थापित प्रदेश की सबसे ऊंची विशालकाय भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का लोकार्पण एवं पुराना इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूर्ण विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललित नागौरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, पूर्व मार्केटिंग सोसायटी कृपालसिंह पटाड़ा, नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका बी भूरू भाई, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, जनपद उपाध्यक्ष गजराजसिंह पटेल, नगीनचंद्र जैन एडव्होकेट, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम, उमेश शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, पार्षदगण रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, अरशद अली, सुभाष नामदेव, तारा कटारिया, लता तेजपाल मुकाती, व्यापार महासभा अध्यक्ष रूपेश राठौर, पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, मनीष धारवां, मोहित सोनी द्वारा मां सरस्वती एवं अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्चात प्रदेश की सबसे ऊंची 54 फिट विशाल अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का लोकार्पण अतिथियों द्वारा संपन्न किया। साथ ही 465 लाख 89 हजार रूपये की लागत से बनने वाले शॉपिंग कॉम्पलेक्स का भूमिपूजन भी किया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति द्वारा पुष्पमाला पहनाकर व साफा बांधकर किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा अपने संबोधन में कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के अथक प्रयास व मेहनत का ही परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी 2 सीटों से आज देश का नेतृत्व कर रही है। उनकी लगन व पार्टी के प्रति समर्पण भाव से ही आज करोड़ों कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार स्थापित हुआ है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि आजादी के बाद प्रथम बार भाजपा की नगर सरकार नगर की जनता ने बनाई है और हम सभी उनके आदर्शो पर चलते हुए व परिषद के सहयोग से नगर विकास के कार्य निरंतर जारी है। प्रदेश की सबसे ऊंची अटलजी की प्रतिमा का लोकार्पण कर हम अपने आपको गौरवान्वित मेहसूस कर रहे है। श्री मेवाड़ा ने बताया कि पुराना इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर 465 लाख से अधिक की राशि से शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन आज संपन्न हुआ। निश्चित ही कॉपलेक्स के निर्माण से जहां निकाय की आय में वृद्धि होगी, वहीं अनेकों नगरवासियों को उसका लाभ भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नपाउपाध्यक्ष धनरूपमल जैन ने किया तथा आभार सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मनोहर भोजवानी, नगर पुरोहित मनीष पाठक, कैलाश पांचम, दूलीचंद कुशवाह, मनोज ताम्रकार, सुरेश परमार, पवन वर्मा, निर्मला कुशवाह, रूपाली चौरसिया, लखन पाटीदार, मनोहर बैरागी, जुगलकिशोर मालवीय, प्रदीप धाड़ीवाल, सलीम ठेकेदार, कोमल जैन, धरमसिंह आर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण व नागरिकगण मौजूद थे।

## स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक लोगों की हुई जांच




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर जोड़ स्थित देवश्री हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श शिविर का आयोजन किया। शिविर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत किया गया। शिविर में डॉ. सिरिल आर्य, डॉ. राहिल राठौर, डॉ. तपस आर्य , डॉ. प्रीति कर्मकार आर्य , डॉ. ऋचा मोदी आर्य, डॉ. बी. एल. परमार औरडॉ. देवेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक मरीजों ने विभिन्न रोगों की जांच व विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह का लाभ उठाया। ग्रामीण व आसपास के क्षेत्रों से आए मरीजों में इस शिविर को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन निरंतर किया जाएगा, ताकि आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।